अमर उजाला 07/02/2026

एआई में रोजगार की संभावनाओं की दी जानकारी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से राजीव गांधी पीजी कॉलेज साहा में आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस करियर अवसर विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका, उसके व्यावहारिक उपयोग और इससे जुड़े विभिन्न करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना था। संवाद